# ग्रामीण ओलंपिक खेलों के महाकुंभ का आगाज आज

**उदयपुर**, (कासं)। राज्य सरकार के दिशा-निर्देशानुसार राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिंक खेल का आगाज सोमवार को होगा। उदयपुर जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में एक साथ ग्रामीण ओलंपिक खेलों की शुरूआत होगी। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का आयोजन बड़गांव में स्थित महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में जिले के प्रभारी मंत्री रामलाल जाट के मुख्य आतिथ्य में होगा। इस अवसर पर जिला कलक्टर ताराचंद मीणा सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि व अधिकारी बतौर अतिथि मौजूद रहेंगे।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ने रविवार की दोपहर कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और विभिन्न तैयार और व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ने आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आयोजन को भव्य बनाने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित विभागों के निर्देश दिए कि खिलाड़ियों के लिए सभी व्यवस्था सुनिश्चित हो और खेल भावना एवं समन्वित प्रयासों से आयोजन को सफल बनाएं।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ने आयोजन स्थल पर लंपी डिजीज की रोकथाम की प्रचार-प्रसार सामग्री सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रचार-प्रसार सामग्री लगाने के निर्देश दिए। जिला खेल अधिकारी शकील हुसैन ने दी समग्र तैयारियों की जानकारी दी। इस अवसर पर स्थानीय सरपंच संजय शर्मा पंचायत समिति सदस्य भुवनेश व्यास बड़गांव पंचायत समिति के विकास अधिकारी नरेंद्र सिंह झाला, सीबीईओ मुकेश पालीवाल, समाजसेवी विनोद शर्मा, विद्या शर्मा, धर्मेन्द्र शर्मा, सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभिन्न अधिकारी व विद्यालय स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी हुसैन ने बताया का जिले के 20 ब्लॉक्स की 652 ग्राम पंचायतों के 2523 गांवों के कुल 2 लाख 3 हजार 836 खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया है। कबड्डी के लिए सर्वाधिक 82956, शूटिंग वॉलीबॉल (बालक वर्ग) के लिए 3374, टेनिस बॉल क्रिकेट (बालक एवं बालिका वर्ग) में 39615 खो-खो (बालिका वर्ग) में 46927 वॉलीबॉल (बालक एवं बालिका वर्ग) में 24417 एवं हॉकी (बालक एवं बालिका वर्ग) के लिए 6546 खिलाड़ियों का पंजीयन हुआ है। इन ग्राम पंचायत स्तर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन चार दिनों तक होगा।

इसके बाद 12 सितंबर 2022 से चार दिवस तक ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं, 22 सितंबर से चार दिवस तक जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं और 2 अक्टूबर से 6 अक्टूबर 2022 तक राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

## महुडा की गवरी का मंचन

**उदयपुर**, (कासं)। मेवाड के प्रसिद्ध लोक नृत्य गवरी की धूम ग्रामीण क्षेत्रों में ठंडी राखी से शुरू हो जाती हैं कई जगहों पर गवरी कलाकारों ने शुभ मुहूर्त में कपडे पहन कर गवरी का मंचन शुरू कर दिया है। इसी के चलते महुडा गांव की गवरी रविवार को चित्रकूट नगर में मां गोरज्जा की विशेष पूजा अर्चना कर नये वस्त्र एवं शस्त्र धारण करवा कर मंचन किया। लाल सिंह राव ने बताया कि रविवार को गवरी देखने के लिए समाज के एवं आसपास के कई लोग मौजूद रहे।

भील समाज के कलाकारों ने अखंड व्रत धारण किया एवं थाली मादल की गुजं गूंजी। इसके तहत कलाकारों ने मां गौरज्जा की विशेष पूजा अर्चना कर गवरी का मंचन शुरू किया।सवा माह तक गवरी कलाकार मांस मदिरा का सेवन नहीं करते हैं। साथ ही हरी सब्जी का सेवन भी नहीं करते हैं एवं खाना भी एक समय का खाते हैं, घर पर भी गवंरी वलावण के बाद ही जाते हैं स्नान भी अवधि के अनुसार को किया जाता है जो एक बार जलझुलनी एकादशी एवं दूसरा मां गोरज्जा के विसर्जन के बाद कर सकते है

गवरी नृत्य मेवाड में किया जाता है जिसमे कलाकार शिव पार्वती का प्रतीक मानकर नृत्य करते हैं गवरी नृत्य करने के लिए एक गांव से दूसरे गांव में जाते हैं साथ ही बहन बेटियों के ससुराल में जाकर भी गवरी नृत्य करते हैं गवरी में सभी पुरुष कलाकार होते हैं और इसमें पुरुष महिलाओं के कपडे पहनकर उनकी भूमिका निभाते हैं।

### सार-समाचार

## हत्या के आरोपी कैदी की मौत

**उदयपुर**, (कासं)। केन्द्रीय कारागार में हत्या के मामले में सजा काट रहे एक बंदी की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के दोनों पुत्र और भाई भी इसी प्रकरण में सजायाफ्ता है और पैरोल नहीं मिलने पर शव का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया है। पुलिस के अनुसार रियाज अहमद (67) पुत्र गौस मोहम्मद निवासी हौलीचौक पृथ्वीगंज बांसवाडा ने अपने दोनों पुत्रों, भाई और अन्य के साथ मिलकर हत्या कर दी थी। जिस पर न्यायालय ने सभी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। जिस पर यह पहले राजसमंद में था और वहां से उदयपुर कारागार में रैफर किया गया। इसके दोनों पुत्र और भाई अजमेर जेल में बंद है। रियाज की शनिवार को तबीयत खराब होने पर उसे चिकित्सालय लेकर गए, जहां पर भर्ती किया गया, जहां पर उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के शव को मोर्चरी में रखवाया गया। मृतक के परिवार के सदस्यों के जेल में बंद है और उन्हें पैरोल नहीं मिली है। इस कारण से शव मोर्चरी में पडा है। यदि सोमवार को भी पैरोल नहीं मिलती है तो शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा और परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा।

## अपहरण का मामला दर्ज

**उदयपुर**, (कासं)। शहर के हिरणमगरी थाना क्षेत्र में एक विवाहिता ने चार पुरूष और चार महिलाओं के खिलाफ उसका व उसके बच्चों का जबरन अपहरण कर ले जाने का मामला दर्ज करवाया है।पुलिस के अनुसार चीनू पत्नी कुलवंत सिह राव निवासी गोगुन्दा हाल गायरियावास ने मामला दर्ज करवाया कि वह गायरियावास में पति और बच्चों के साथ किराए पर रहती है। उसका पति नौकरी पर गया था इस दौरान शंभू, दिलीप, दीपु के साथ एक अन्य युवक और चार अन्य महिलाएं आई और उसके दोनों व उसे जबरन गाडी में डालकर ले जाने लगी। उसके द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और जबरन गाडी में डालकर अपहरण कर ले गए। आरोपी उसे बडगांव में एक संस्थान के परिसर में लेकर गए, जहां पर उसे एक ललिता नामक लडकी से मिलवाया तो लडकी ने पहचानने से इंकार कर दिया। इस दौरान उसके पति ने पुलिस को सूचना दे दी थी, जिस पर पुलिस उसे तलाश रही थी तो आरोपी उसे डरा-धमकाकर हिरणमगरी थाने पर लेकर गए, जहां पर उसने मामला दर्ज करवाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भतीजे ने किया काका पर हमला

**उदयपुर**, (कासं)। जिले के जावरमाइंस थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपने ही भतीजे के खिलाफ उसके भाई पर जानलेवा हमला करने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार भैरूलाल उर्फ भैरा पुत्र गंगाराम मीणा निवासी पलोदडा फलां फुलावत जावरमाइंस ने मामला दर्ज करवाया कि उसका भाई बाबूलाल और उसका साला रमेश तीनों ने उसके घर पर चाय पी और इसके बाद बाबूलाल अपने घर की ओर जा रहा था। इसी दौरान उसका भतीजा रतन पुत्र खेमा मीणा निवासी पलोदडा फलां फुलावत अपने खेत में बाड काट रहा था तो उसने बाबूलाल को देखकर उससे पैसे मांगे तो बाबूलाल ने पैसे देने से इंकार कर दिया, इस पर आरोपी ने उस पर कूंट से बाबूलाल के गले पर हमला कर दिया, जिससे उसके गले में गंभीर चोट आ गई और आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## स्कूटी, मोबाइल व लैपटॉप लूटा

**उदयपुर**, (कासं)। जिले के गोगुन्दा थाना क्षेत्र में एक बाईक सवार तीन युवकों ने स्कूटी पर जा रहे दो युवकों पर हमला कर उनसे स्कूटी, मोबाईल ओर लैपटॉप लूटकर ले गए। पुलिस के अनुसार भरतकुमार पुत्र भगवानलाल निवासी बाघेला नाथद्वारा राजसमंद ने मामला दर्ज करवाया कि वह अपने साथी राजेश पुत्र परमानंद जोशी निवासी बाघेला नाथद्वारा राजसमंद के साथ स्कूटी पर सवार होकर उदयपुर से गोगुन्दा की ओर जा रहा था। रास्ते में इसवाल से आगे नयागुडा गांव में एक बाईक पर सवार होकर तीन युवक आए और तीनों युवकों ने आते ही बाईक आडे लगाकर रोक दिया। इन तीनों युवकों ने उन दोनों से मोबाईल मांगा तो उन्होंने देने से इंकार कर दिया। इस पर इन तीनों युवकों ने इन दोनों से मारपीट करनी शुरू दी। एक युवक ने धारदार हथियार से हमला किया, जिससे दोनों लहुलुहान हो गए और दोनों स्कूटी व बैग को वहीं पर छोडकर भाग गए। कुछ देर बाद वापस आए तो मौके से दोनों के मोबाईल, एक लैपटॉप और स्कूटी गायब थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मारपीट व छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर**, (कासं)। शहर की प्रतापनगर थाना पुलिस ने एक विवाहिता के घर में घुसकर मारपीट और छेडछाड करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार एक विवाहिता ने आरोपी दिनेश चन्द्र रावत पुत्र भैरू सिंह रावत निवासी हिराबाग कॉलोनी यूनिवरसिटी रोड हाल घरोंदा यूआईटी कॉलोनी हाल कनक विहार ढीकली रोड प्रतापनगर के खिलाफ मामला दर्ज करवाया कि आरोपी जबरन उसके घर में घुस गया और उसके साथ छेडछाड की। विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट र्की। मामला दर्ज होने पर हैड कांस्टेबल नरपत सिंह ने जांच करते हुए आरोपी दिनेश चन्द्र रावत को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

## 31 अगस्त व 1 सितंबर का अवकाश

**उदयपुर**, (कासं)। मोहनलाल सुखाडयि में छात्रसंघ अध्यक्ष की अनुशंसा पर कुलपति प्रो आईवी त्रिवेदी द्वारा 31 अगस्त को अवकाश घोषित किया गया है जबकि प्रवेश प्रक्रिया और चुनावों के दौरान अवकाशों में काम करने की एवज में कुलपति ने 1 सितंबर का अवकाश भी स्वीकृत किया है। विश्वविद्यालय में सोमवार को खेल दिवस मनाया जाएगा।विद्यालय के प्रवक्ता डॉ कुंजन आचार्य ने बताया कि छात्र संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कुलदीप सिंह सुवावत की अनुशंसा पर कुलपति प्रोफेसर आईवी त्रिवेदी ने 31 अगस्त का अवकाश स्वीकृत किया है। इसी प्रकार प्रवेश प्रक्रिया और चुनावों के दौरान विभिन्न अवकाश में कर्मचारियों ने कार्य किया था उसकी एवज में कुलपति प्रोफेसर आईवी त्रिवेदी ने 1 सितंबर को अवकाश घोषित किया है।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म का मामला

**उदयपुर**, (कासं)। जिले के सेमारी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग ने एक युवक के खिलाफ उसके साथ दुष्कर्म करने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार एक किशोरी ने राजकुमार पुत्र पेमा मीणा निवीास धनकावाडा उडाल फलां सेमारी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया कि आरोपी ने उसे कुछ समय पूर्व अकेला देखकर उसे डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था और इसके बाद से ही आरोपी उसे आए दिन डरा-धमकाकर दुष्कर्म कर रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जयकार समाज विकास संस्था की प्रदेश महासमिति की बैठक सम्पन्न

**राजसमंद**, (निसं)। अखिल राजस्थान जयकार समाज विकास संस्था कि प्रदेश महासमिति की बैठक प्रदेशाध्यक्ष भेरुलाल चारण की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में युवा प्रदेशाध्यक्ष परसराम पोरवाड, जिलाध्यक्ष राजूलाल जूटक, जिलामंत्री दिनेश सगदार ने स्वागत करते हुए अपने विचार रखे।

बैठक में मातृकुंडिया जिला चित्तौडगढ में 9 अक्टूबर को प्रतिभावान छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय किया जाएगा। इसके साथ ही समाज के पर्यायवाची नाम जयकार, खेड, जागा, बारेठ, राणा को अनुसूचित जाति की सूची में जुडवाने के लिए समाज कल्याण मंत्री व अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष से मिलने के लिए 7 सदस्य प्रतिनिधि मंडल जाएगा। समाज के लिए प्रत्येक जिला मुख्यालय पर भूखंड आवंटन करवाने के लिए प्रत्येक परिवार से सहयोग राशि ली जाएगी व सामाजिक कार्यक्रमों में संस्था के लिए सहयोग राशि तय की गई।

प्रदेश महासचिव दुर्गालाल बारेठ ने कहा कि समाज के लिए जारी नवजीवन योजना में निर्माण के लिए परिवारों की संख्या 10 से घटाकर 2 करवाई जानी है व शिक्षण के लिए 25000रूपया कराया जाना है। प्रदेशध्यक्ष भेरुलाल चारण ने कहा कि सामाजिक कुरीतियों को दूर कराने में समाज अग्रणी भूमिका निभा रहा है। अधिकतर समाज जन सामाजिक कार्यक्रम एक दिन में ही पूरा कर रहे हैं यह अच्छी शुरुआत है।

बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष भेरूलाल खरेलवा, प्रदेश संरक्षक भूरालाल सगदार, दुर्गालाल बारेठ, युवा प्रदेश महासचिव यशवंत चारण ने युवाओं में जागृति लाने के लिए हर वर्ष खेलकूद प्रतियोगिताएं करवाने, प्रदेश कोषाध्यक्ष दुर्गालाल चौधरी ने आयव्य पेश किया। अतिरिक्त महासचिव सुगनचंद सिहोल, संयुक्त महासचिव राजेंद्र बराला ने कहां की हमें अपने बालकों के नाम के साथ गोत्र लगाई जानी चाहिए केवल जाति के कॉलम में ही हमें अपनी जाति का उल्लेख करना चाहिए।

युवा प्रदेश संयुक्त मंत्री भेरूलाल डोडा ने शिक्षा का फंड बनाने का सुझाव दिया। बैठक में राव समाज जिलाध्यक्ष लादूलाल फोगा, बसंतीलाल जामका, सुरेशचंद्र बराला, शोभालाल बराला, मनोज पोरवाड, संपत साथी, इंद्रकुमार गोगिया, मनोज झावडिया, मुकेश हाथीका, रविंद्र पोरवाड, हर्षित पोरवाल, नरेंद्र पोरवाड ने अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में मातृकुंडिया जिला चित्तौडगढ में 9 अक्टूबर को प्रतिभावान छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय किया जाएगा। इसके साथ ही समाज के पर्यायवाची नाम जयकार, खेड, जागा, बारेठ, राणा को अनुसूचित जाति की सूची में जुडवाने के लिए समाज कल्याण मंत्री व अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष से मिलने के लिए 7 सदस्य प्रतिनिधि मंडल जाएगा।

# 'वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण बेहद आवश्यक'

**उदयपुर**, (कासं)। प्रभारी मंत्री और राजस्व मंत्री रामलाल जाट ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में उद्योगों के विकास हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि खनन क्षेत्र का राज्य की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है एवं इस क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार प्राप्त हो रहा है।

मंत्री जाट रविवार को शहर के ओरबिट रिसॉर्ट में हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड और माइनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में रोल ऑफ इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी इन टर्नअराउंड ऑफ माइनिंग इंडस्ट्री विषय पर आयोजित सेमीनार के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर रहे थे।मंत्री जाट ने कहा कि खनन क्षेत्र से सरकार को अच्छा राजस्व प्राप्त होता है और इससे सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं के संचालन में मदद मिलती है जिससे सीधे तौर पर समाज का जरुरतमन्द तबका लाभान्वित होता है। मंत्री रामलाल जाट ने कहा कि आज के समय पर्यावरण संरक्षण बेहद आवश्यक हो चला है। कहते हैं पेड़ का पुण्य सर्वोत्तम होता है। मंत्री ने सभी से अधिकाधिक वृक्षारोपण करने की अपील की। उन्होंने खनन से जुड़े यूनिट्स से पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में में रखने और इस दिशा में निरंतर प्रयासरत रहने की अपील की।मंत्री जाट ने सिलिकोसिस बीमारी पर प्रकाश डालते हुए खनन से जुड़े यूनिट्स से श्रमिकों हेतु पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम रखने के लिए कहा। उन्होंने जिले में सिलिकोसिस रोकथाम हेतु किए जा रहे कार्यो को सराहा।

मंत्री ने आश्वस्त किया कि सेमिनार में प्राप्त हुए सुझावों से वे राज्य सरकार को अवगत कराएंगे जिससे कि और बेहतर पॉलिसी बनाने में मदद मिल सके। सेमीनार ने हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड और माइनिंग इंजीनियर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।भारी मंत्री और राजस्व मंत्री रामलाल जाट ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में उद्योगों के विकास हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि खनन क्षेत्र का राज्य की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है।

## ग्रामीण ओलंपिक खेलों पर संवाद

**उदयपुर**, (कासं)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को विभिन्न मंत्रीगणों, जनप्रतिनिधियों, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों, प्रशासनिक व संबंधित विभागीय अधिकारियों की वीसी के माध्यम से बैठक ली और लंपी स्किन डिजीज और राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों के विषय पर संवाद किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने लंपी स्किन डिजीज के प्रबंधन के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया और ग्रामीण ओलंपिक खेलों के प्रति उमडे उत्साह की दी जानकारी। मुख्यमंत्री ने इन खेलों में प्रदेशवासियों की अधिकाधिक सहभागिता का आह्वान करते हुए भव्य आयोजन के निर्देश दिए। इस दौरान उदयपुर से प्रतिपक्ष नेता गुलाब चंद कटारिया, महापौर जीएस टांक, उदयपुर ग्रामीण विधायक फुलसिंह मीणा भी जुड़े रहे।

## नेत्रदान जागरूकता रैली का आयोजन

**उदयपुर**, (कासं)। महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय के नैत्र रोग विभाग व आई.बैंक सोसायटी चेप्टर के तत्वावधान में जारी 37वे राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के तहत रविवार को फतहसागर की पाल पर नेत्रदान जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

नेत्र काउंसलर रेखा जीनगर ने बताया कि इस रैली का शुभारंभ आई.बैंक सोसायटी चेप्टर उदयपुर के अध्यक्ष एस.एम. पोरवाल व आरएनटी प्राचार्य डॉ. लाखन पोसवाल के आतिथ्य में हुआ।

# उदयपुर-अहमदाबाद ब्रॉडगेज ट्रेन सितम्बर में चलेगी

**उदयपुर**, (कासं)। उदयपुर-अहमदाबाद ब्रॉडगेज का इंतजार लंबे समय से सभी को है। गत दिनों इस ट्रैक पर काम को पूरा करने में आई तीव्रता के चलते इस पूरे रूट का सीआरएस निरीक्षण पूरा कर लिया गया था। गत 9 व 10 जुलाई को इसके आखिरी स्टेशन जयसमन्द से खारवा का निरीक्षण करने के बाद इस पर ट्रायल ट्रैन भी चलाकर देख ली गई थीं। जिसके बाद लगने लगा था कि यह ट्रैन 15 अगस्त तक शुरू हो जाएगी। लेकिन इस ट्रैक पर रिपोर्ट्स में बताई खामियों को दुरस्त करने में वक्त लग गया।रेलवे चीफ पब्लिक रिलेशन ऑफिसर शशि करण ने बताया कि सितम्बर माह में यह ट्रैन शुरू हो जाएगी। ट्रैक पर मिली शिकायतें और मार्ग के स्टेशनों पर टाइल्स इत्यादि लगाने का काम पूरा हो गया है। अब 15 से 20 दिनों में यह ट्रैन उदयपुर-अहमदाबाद के बीच चला दी जाएगी। वर्तमान में आमान परिवर्तन की यह ट्रेन डूंगरपुर से असारवा तक चल रही है ओर अब उदयपुर तक इसे बढ़ा दिया जाएगा। उदयपुर-अहमदाबाद रूट पर जयपुर-उदयपुर की तर्ज पर प्रतिदिन इस ट्रेन का संचालन होगा। उदयपुर से किस समय यह ट्रेन चलेगी इसकी सारणी तैयार की जा रही है। उदयपुर-अहमदाबाद रुट पर यह रेल शुरू होने का कई सालों से लोग इंतजार कर रहे है। हालांकि दक्षिण से जोड़ने वाले इस रूट पर दक्षिण से इसका जुड़ाव तभी सुगम हो पायेगा जब इलेक्ट्रिफिकेशन का काम पूरा हो पायेगा। सम्भवत: उसमें डेढ़ से दो साल का वक्त लगेगा।उदयपुर-अहमदाबाद आमान परिवर्तन के शुरू होने से उदयपुर में पर्यटन व्यवसाय को भी और गति मिलेगी।

# अतिवृष्टि से जान गंवाने वालों को मुआवजा दें : प्रभारी मंत्री

**उदयपुर**, (कासं)। प्रभारी मंत्री रामलाल जाट ने रविवार सायं कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर लम्पी स्किन डीसीज की रोकथाम और अतिवृष्टि से हुए नुकसान की विस्तार से समीक्षा की। मंत्री ने अधिकारियों से पशुओं के टीकाकरण को लेकर प्रगति जानी और एंटीबॉडी के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों को निरंतर जागरूक करते रहने के निर्देश दिए। मृत पशुओं को नियमानुसार दफनाने और संक्रमित पशुओं को स्वस्थ पशुओं से अलग रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ताराचंद मीणा ने बैठक में मंत्री को प्रचार प्रसार हेतु गाँव-गाँव आयोजित हो रही गोष्टी की जानकारी दी। इसके साथ ही बताया कि जिलेभर में पैम्पलेट वितरण और पोस्टर चस्पा करने जैसे कार्य भी जारी हैं। जिला परिषद सीईओ मयंक मनीष ने बताया कि अब तक जिले के पाँच विधायकों द्वारा विधायक मद से दस-दस लाख रुपए लम्पी स्किन डीसीज की रोकथाम हेतु सहायतार्थ दिए जा चुके है।

प्रभारी मंत्री रामलाल जाट ने अतिवृष्टि से उपजे हालात की समीक्षा की। उन्होंने जिले के विभिन्न इलाकों में हुई बारिश और बांधों में पानी की आवक की जानकारी ली। इसके बाद अतिवृष्टि के दौरान जान गंवाने वालों को समय पर मुआवजा दिलवाने हेतु आवश्यक कार्रवाई समय यपर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मंत्री को विभिन्न दुर्घटनाओं की जानकारी दी एवं वर्षा की ओवरऑल स्थिति से अवगत कराया।मंत्री रामलाल जाट ने जिला कलेक्टर, कृषि विभाग और बीमा कंपनी के अधिकारियों से बात करते हुए जिले में अतिवृष्टि से हुए फसल खराबे का मुआवजा शीघ्र दिलवाने के निर्देश दिए। उन्होंने समय पर एवं उदारता और संवेदनशीलता के साथ खराबे का आकलन करने एवं समय पर मुआवजा राशि जारी करवाने के लिए कहा। मंत्री ने कहा कि हमारा कर्तव्य है कि किसानों के प्रति संवेदनशील रह कर उन्हें राहत दिलाने का प्रयास करें।

मंत्री रामलाल जाट ने कलेक्टर ताराचंद मीणा और जिला खेल अधिकारी शकील हुसैन से राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों की अंतिम तैयारियों की जानकारी ली। जिला खेल अधिकारी शकील हुसैन ने बताया कि जिले में 2 लाख 3 हजार खिलाड़ियों का पंजीयन हुआ है एवं 13,887 टीमों का गठन हुआ है जो सर्वाधिक है। इसके अलावा उन्होंने कलेक्टर ताराचंद मीणा के नेतृत्व में जिले में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने हेतु जारी अनेकों विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी दी जिसकी मंत्री जाट ने प्रशंसा की। बैठक में मंत्री ने मंत्री रामलाल जाट ने बैठक में जन स्वस्थ अभियांत्रिकी विभाग से जल जीवन मिशन की प्रगति जानी। इसके अलावा पीडबल्यूडी से बारिश में खस्ताहाल हुई सड़कों को समय पर मरम्मत करने के निर्देश दिए। यूआइटी सचिव ने भी शहर में सड़कों के मरम्मत कार्य की प्रगति से अवगत कराया।मंत्री रामलाल जाट ने कलेक्टर ताराचंद मीणा और जिला खेल अधिकारी शकील हुसैन से राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों की अंतिम तैयारियों की जानकारी ली।

### सार-समाचार

## फतेहसागर पाल पर साइक्लोथॉन

**उदयपुर**, (कासं)। राष्ट्र गौरव मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को फतेहसागर पाल पर राष्ट्रीय खेल दिवस पर डॉ अनुष्का ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट एवं मारवाडी युवा मंच लेकसिटी शाखा द्वारा साइक्लोथॉन का आयोजन किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि एडीजे कुलदीप शर्मा, विशिष्ठ अतिथि डिवाईएसपी चेतना भाटी, गिर्वा तहसीलदार सुरेश नाहर, अनुष्का ग्रुप के सचिव राजीव सुराणा एवं मारवाडी युवा मंच राजस्थान प्रांत की उदयपुर जिले की लेकसिटी शाखा की अध्यक्षा राजश्री वर्मा ने प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर साइक्लोथॉन का आगाज किया। इस स्पर्धा के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बताते हुए अनुष्का ग्रुप के संस्थापक डॉ एस एस सुराणा बताते है की खेलो का हमारे जीवन में एक अहम रोल है, खेल एक ऐसा अस्त्र हैं जिसको खेलने के बाद चिंता दूर हो जाती है। साइक्लोथॉन का मार्ग फतेहसागर स्थित काला किवाड साईकल स्टैंड से मोती मगरी होते हुए देवाली गेट तक, फिर वहां से पुन: प्रारम्भिक स्थान तक जो की लगभग 4 से 5 किमी था। इस प्रतियोगिता में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसमें बालक वर्ग में चैंपियन गौरव नंदवाना एवं बालिका वर्ग में चैंपियन दक्षिता शर्मा रही। साईकल रेस में आदिवासी जनजाति क्षेत्र से बालिकाओ ने भी हिस्सा लिया जिसमे बालिका वर्ग में वसुंधरा कुमारी एवं ललिता कुमारी ने क्रमश: तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए राजीव सुराणा ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अनुष्का ग्रुप से भूपेश परमार, राहुल लोढा, प्रणय जैन, जीतेन्द्र मेनारिया, रविन्द्र सैनी, प्रतिभा शर्मा, मयंक गुप्ता, सचिन पांचाल के साथ मारवाडी युवा मंच की ओर से लेकसिटी पूर्व अध्यक्ष सौरभ जैन, प्रांतीय कैंसर एवं जन सेवा संयोजिका डॉ प्रियंका जैन, सचिव टीना टेलर एवं दुर्गा राजपूत उपस्थित थे।

## पुस्तक 'घर से वन तक' का विमोचन

**उदयपुर**, (कासं)। राज्य के प्रधान मुख्य वन संरक्षक, पर्यावरणविद्, लेखक एवं पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. दीप नारायण पांडे की बेस्ट सेलर पुस्तक 'घर से वन तक' का विमोचन रविवार को उदयपुर में हुआ। दक्षिण राजस्थान में पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध ग्रीन पीपल सोसाइटी की ओर से शहर के चुंडा पैलेस में आयोजित एक कार्यक्रम में पांडे के अनुभवों पर आधारित पुस्तक का विमोचन वरिष्ठ अधिकारियों, पर्यावरणविदों एवं विशेषज्ञों की उपस्थिति में हुआ। पांडे ने अपनी पुस्तक की विषयवस्तु पर प्रकाश डालते हुए वन जगत के अपने अनुभवों को साझा किया। पांडे ने इस पुस्तक पर चर्चा दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए किए गये प्रयासों एवं उनके विजन की सराहना की और कहा कि लव-कुश वाटिका देश में मिसाल बनेगी। पांडे ने उदयपुर में अपनी प्रथम नियुक्ति की जानकारी देते हुए बताया कि उनका उदयपुर से लगाव है पर वन व वन्यजीव संरक्षण में जो काम हुआ वो उनकी टीम ने किया। प्रधान मुख्य वन संरक्षक पांडे उदयपुर को विश्व का खूबसूरत शहर बताया और यहां प्रकृति के संरक्षण के साथ वनों के उपयुक्त रखरखाव एवं प्रबंधन की सराहना की। उन्होंने उदयपुर में झील संरक्षण के कार्य की तारीफ की और कहा कि इसका श्रेय यहां के निवासियों को जाता है।

## अध्यक्ष कुलदीप सिंह का अभिनन्दन

**उदयपुर**, (कासं)। आसोलिया की मादडी में मोहन लाल सुखाडिया विवि उदयपुर के नव निर्वाचित केन्द्रीय छात्र संघ अध्यक्ष कुलदीप सिंह सुवावत भेरूजी बावजी देवरे प्रांगण में स्वागत अभिनन्दन किया मेवाडी पगडी पहनाकर महाराणा प्रताप की तस्वीर भेंट कर तिलक उपरणा पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया।चुनाव के दौरान सारथि विरभ्रद सिंह राव आसोलिया की मादडी का भी उपरणा पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया। महाराणा प्रताप शिक्षा प्रचार समिति आसोलिया की मादडी के संस्थापक हरि सिंह राव भवानी सिंह राव, भीम सिंह राव, अमर सिंह प्रधान गजेन्द्र सिंह राव, चन्दन सिंह राव गजेन्द्र सिंह राव, ईश्वर सिंह राव, सुरेन्द्र सिंह राव, पुष्पेन्द्र सिंह राव, लक्ष्मण सिंह राव, प्रकाश सिंह राव, वैभव सिंह राव, अवतार सिंह राव, विक्रम सिंह राव, राजेन्द्र सिंह राव, महेन्द्र सिंह राव उपस्थित रहे। एकीकृत मीडिया प्रभारी राव गोपाल सिंह आसोलिया ने बताया कि अध्यक्ष सुवावत ने ग्रामवासियों, युवाओं का आभार व्यक्त किया।

## आइएएस टीसी बोहरा पहुंचे चावंड

**उदयपुर/सराड़ा**, (निसं)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती पर चावंड में पैनोरमा निर्माण की घोषणा को मूर्त रूप देने को लेकर जयपुर से आइएएस टीसी बोहरा रविवार शाम को चावंड पहुंचे। चावंड में महाराणा प्रताप स्मारक के निकट पर्यटन विभाग की जमीन को महाराणा प्रताप की स्मृति में बनाए जाने वाले पैनोरमा निर्माण के लिए गत 25 अगस्त को कलेक्टर के आदेश से आवंटित जमीन का कब्जा कला एवं संस्कृति विभाग राजस्थान को सौंपा गया। एसडीओ नायब तहसीलदार डूंगर प्रजापत द्वारा कलेक्टर के निर्देश के बाद की गई निशानदेही की जानकारी आइएएस टीसी बोहरा ने ली। पूर्व में चयनित जमीन की निशानदेही प्राप्त की। जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा के आदेशानुसार 0.60 हेक्टर भूमि के हस्तांतरण मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण को कब्जा हस्तांतरित किया। महाराणा प्रताप स्मारक समिति के महामंत्री मनोज व्यास, आर आई मावा राम, पटवारी प्रेम पटेल, मेला मंत्री दीपक मलावत, उप सरपंच करण जोशी, वार्ड पंच मोतीलाल सुथार, हिमांशु, अकबर सहित कई पदाधिकारी मोजूद रहे। उल्लेखनीय है की मुख्यमंत्री ने महाराणा प्रताप जयंती पर महाराणा प्रताप की संकटकालीन राजधानी और निर्वाण स्थल चावंड में लगभग 5 करोड रुपये की लागत से महाराणा प्रताप पैनोरमा बनाने की घोषणा की है।

## नरेश पूर्बिया सम्मानित

**उदयपुर**, (कासं)। अखिल भारतीय कलवार कलाल कलार महासभा के राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली में उदयपुर के नरेश पूर्बिया को उत्कृष्ट समाज सेवाओं एवं उल्लेखनीय उपलब्धियों के कलालश्री सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान अध्यक्ष शंकर पटेल, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तारक किशोर प्रसाद कलाल, महामंत्री किशोर भगत व हरीश कलाल द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। नरेश पूर्बिया सहित 6 समाज सेवियों को राष्ट्रीय स्तर पर कलालश्री सम्मान से सम्मानित किया गया।

## नवसृजन काव्य गोष्ठी

**उदयपुर**, (कासं)। नवकृति साहित्यिक संस्था काव्य गोष्ठी का आयोजन राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय हिरण मगरी सें. में हुई। नवसृजन काव्य गोष्ठी में कवीश टंडन, स्वाति शकुंत, आर.सी.देवेंद्र विजय, आलिया फातिमा, जगदीश तिवारी, अरुण त्रिपाठी, गोविंद लाल ओड, इकबाल हुसैन इकबाल, डॉ. गिरीश नाथ माथुर, डॉ इस्हाक फुरकत अपने अपनी रचनाएं पढी।